प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 27.10.2024   समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से त्यौहारों के मौसम में आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा बनते हुए, खरीदारी करते समय वोकल फोर लोकल के मंत्र को याद रखने की अपील की है। आज आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम की 115वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह अभियान देश की सामूहिक चेतना का अंग बन गया है। श्री मोदी ने श्रोताओं से आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण, नवाचार और अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा करने का आग्रह किया।

......

प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को साईबर क्राइम के प्रति सावचेत रहने की सलाह दी। श्री मोदी ने एक ऑडियो बातचीत का उदाहरण देते हुए कहा कि कानूनन किसी को भी डिजिटल अरेस्ट नहीं किया जा सकता। श्री मोदी ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों की चर्चा की। उन्होंने लोगों से रूको, सोचो और करो इन तीन चरणों के आधार पर सतर्कता बरतने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने सलाह के लिए इस संबंध में जारी साईबर हैल्पलाईन 1 9 3 0 डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर जानकारी लेने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि साइबर फर्जीवाडे के शिकार लोगों को जागरूकता का प्रसार करना चाहिए।

......

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में साहस और दूरदृष्टि रखने वाले दो महान नायको सरदार वल्लभ भाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जायेगा। उन्होंने लोगों से भी इस अभियान का हिस्सा बनकर दोनो महान विभूतियों से जुडे अपने विचार और कार्य रैंतकंत150 और रुठपतेंडनदकं150 पर साझा करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर हर साल आयोजित होने वाली रन फोर युनिटी को दीपावली के त्यौहार की वजह से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को आयोजित करने की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से इसका हिस्सा बनने की अपील की। श्री मोदी ने देश मे एनिमेशन क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाय इंडियन्स छाया हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आने वाले त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए सभी से पूरे उत्साह के साथ इन्हें मनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेश में कई जगह सामूहिक प्रसारण की व्यवस्था की गई।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आज का युग डिजिटल क्रंति का दौर है और आर्टीफिशल इन्टेलीजेंसी के जरिये समय का सदुपयोग हो रहा है। आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ई–लाईब्रेरी और लॉयर्स डायरी के लोकार्पण समारोह में उपराष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अंग्रेजों के समय के अप्रसांगिक कानूनों को खत्म कर नये भारतीय कानून लागू किये है। इससे लोगों को सुलभ और जल्द न्याय मिलने की उम्मीद है।